# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/728
दिनांक : 28.11.2019

## विज्ञप्ति

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष 2017 व 2018 **(वर्ष 2019 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा को छोड़कर)** अथवा उससे पूर्व के विद्यार्थी, जो कालबाधित की श्रेणी में न आते हो और उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाएँ किन्हीं कारणों से सम्पन्न नही हो पाई हो, ऐसे विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा शुल्क वर्ष 2017 हेतु रू0 4500/-(रूपये चार हजार पाँच सौ मात्र) एवं वर्ष 2018 हेतु रू0 3000/- (रूपये तीन हजार मात्र) इलाहाबाद बैंक, विश्वविद्यालय शाखा में जमा कर अपना प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर, सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान से अग्रसारित कराते हुए गोपनीय विभाग की खिडकी संख्या-40 पर प्रत्येक दशा में विलम्बतम दिनांक 02.12.2019 तक जमा करना सुनिश्चित करे। उक्त अवधि के उपरान्त किसी भी विद्यार्थी का प्रत्यावेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

## प्रारूप

| परीक्षार्थी का नाम | पिता/पति का नाम | अनुक्रमांक | नामांकन संख्या | वर्ष | पेपर कोड संख्या | मोबाईल नम्बर | ईमेल पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

उप कुलसचिव (गोपनीय)

प्रतिलिपि :-

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक-कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक-परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
5. सहायक प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना छात्र हित में समस्त सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

Shot on realme 3